आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 03 जुलाई 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज मानेसर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- श्री ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में शहरी निकाय की अहम भूमिका है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकतंत्र की जड़ें स्थानीय स्तर पर जितनी गहरी होंगी, हमारा राष्ट्र उतना सशक्त बनेगा।
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि इंडिया पोस्ट में बडा तकनीकी बदलाव किया जा रहा है।
- चंडीगढ़ प्रशासन ने संपत्ति हस्तांतरण के लिए ऑटो-म्यूटेशन सिस्टम शुरू किया है।

*************************************************************
*********

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज हरियाणा के मानेसर स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्□ा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह और शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल मौजूद रहे।"संवैधानिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका" विषय पर आयोजित इस दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में शहरी निकाय की अहम भूमिका है। शहरी निकाय जन प्रतिनिधियों को नवाचार पद्धति,

सशक्त मार्गदर्शन व व्यवहार कुशलता के साथ विकसित भारत के विजन 2047 को सामने रख अपना दायित्व निभाना होगा। उन्होंने कहा कि सभी संकल्प लें कि मेरा निगम, मेरा परिषद व मेरी नगर पालिका व मेरा शहर दुनिया के स्वच्छ व सुंदर शहरों में शुमार हो।

लोक सभा अध्यक्ष ने कहा -

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि शहरी निकाय जनप्रतिनिधि सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कदम बढ़ाएं तो वे निश्चित तौर पर शहरी क्षेत्र में ऊर्जावान बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन दो दिन में राष्ट्र हित में शहरी निकाय प्रतिनिधि चर्चा व संवाद में अपने कुशल सुझाव व अनुभवों को रखते हुए मिलकर “नया भारत-विकसित भारत” की परिकल्पना को साकार करने में भागीदार बनेंगे।

****************************************************************

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि देशभर के शहरी स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों का राष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई विकास की अच्छी प्रक्रियाओं के प्रसार में शहरी निकायों के लिए मार्गदर्शक बनेगा।मानेसर में चल रहे सम्मेलन में अपने स्वागत संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह दो दिवसीय सम्मेलन शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, महिलाओं और युवाओं को समर्पित है। सम्मेलन में संवाद और चर्चा के माध्यम से जो अच्छी प्रक्रियाएं और नवाचार सामने आएंगे, उन्हें जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में लागू करेंगे।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा को मिली है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन में हम सब अपने लोकतंत्र को

मजबूत करने तथा राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर विचार मंथन कर रहे हैं। यह विषय हमारे लोकतंत्र की जड़ों को सींचने और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत- 2047 के विजन को साकार करने की राह दिखाता है।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकतंत्र की जड़ें स्थानीय स्तर पर जितनी गहरी होंगी, हमारा राष्ट्र उतना सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित हरियाणा, विकसित नगरों से ही बनेगा। इसलिए, हरियाणा में विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा –

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि साइबर सिटी गुरुग्राम शहरी विकास का एक नमूना है। इसके साथ लगते 180 किलोमीटर लंबे के.एम.पी. कॉरिडोर के साथ पंच ग्राम योजना के तहत ऐसे ही 5 अति आधुनिक शहर बसाने की परियोजना पर काम किया जा रहा है।

**************************************************************************

शहरी निकाय अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में हरियाणा सरकार के शहरी निकाय एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय नागरिक सेवा एवं नागरिक संपर्क की प्रथम एवं अहम कड़ी है। उन्होंने कहा कि शहरी निकाय वह सरकार है जिनका जनता से सीधा सरोकार है। यह लोकतंत्र की सबसे छोटी नहीं बल्कि सबसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील इकाई हैं।

****************************************************************************

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि इंडिया पोस्ट में बडा तकनीकी बदलाव हो रहा है। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष भेंट में श्री सिंधिया ने कहा कि इस संगठन में पहली बार प्रमुख प्रौद्योगिकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी इंडिया पोस्ट में नवाचार तथा उन्नत तकनीकी उपायों पर काम करेगा।

यह साक्षात्कार आज रात सा नौ बजे आकाशवाणी के एफएम गोल्ड चैनल और अतिरिक्त मीटरों पर सुना जा सकता है। यह साक्षात्कार यू-ट्यूब चैनल न्यूजऑनएआईआर ऑफिशियल पर भी उपलब्ध रहेगा।

**********************************************************
********

पंचकूला में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संकल्प पर्व मनाया जा रहा है। संकल्प के बारे में जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने बताया कि संकल्प पर्व में जिला की समितियां में पदाधिकारियों  का नाम चुनने के लिए आज नौ जिलों के जिला अध्यक्षों को बुलाया गया है।

उन्होंने बताया –

उन्होंने बताया कि 6 जुलाई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कुरुक्षेत्र झज्जर सिरसा जिले के तीन कार्यालयों  का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि तीनों जिलों के कार्यालय का उद्घाटन वर्चुअल रूप से दिल्ली से होगा।

**********************************************************
*********

चंडीगढ़ प्रशासन ने संपत्ति हस्तांतरण के लिए ऑटो-म्यूटेशन सिस्टम शुरू किया है।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पंजीकृत संपत्ति विलेखों पर आधारित ऑटो-म्यूटेशन सिस्टम का उद्देश्य संपत्ति स्वामित्व हस्तांतरण में सेवाओं की समय पर, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल डिलीवरी सुनिश्चित करना है।ऑटो-म्यूटेशन सिस्टम में दस्ती आवेदन की कोई आवश्यकता नहीं होती है ।  संपत्ति विलेख के पंजीकरण के बाद म्यूटेशन स्वचालित रूप से शुरू हो जाता है । यह प्रणाली डिजिटल रूप से एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से उप-पंजीयक कार्यालय और संपदा कार्यालय के बीच तत्काल और सुरक्षित डेटा हस्तांतरण सुनिश्चित करती है।

*************************************************************
**********

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा ने कहा है कि सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग दी जाएगी, ताकि वे आईआईटी, एनडीए जैसी परीक्षाओं में सफल हो सकें।उन्होंने बताया कि इसको लेकर शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोगिक परियोजना तैयार की जा रही है, जिसके तहत पहले कुछ खंडों में सरकारी स्कूलों के बेहतरीन शिक्षकों द्वारा स्कूल

टाइम के बाद मेधावी विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी। यह प्रयोग सफल रहा तो इसे प्रदेश भर में लागू किया जाएगा।

*************************************************************
********

कुरुक्षेत्र जिले के नैसी गांव के पास मारकंडा नदी का तटबंध टूटने के 40 घंटे बाद भी मारकंडा से पानी लगातार खेतों की ओर बह रहा है। हालांकि गांव की दूसरी तरफ पानी नहीं जा रहा है, क्योंकि मारकंडा में जलस्तर कम हुआ है।उधेर ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें अभी तक कोई राहत सामग्री नहीं पहुंचाई गई है।हमारी संवाददाता ने बताया है कि दोपहर करीब 2 बजे तक मारकंडा में जलस्तर 7 हजार क्यूसेक दर्ज किया गया। प्रशासन मारकंडा का जलस्तर कम होने का इंतजार कर रहा है, ताकि तटबंध बांधने का काम शुरू किया जा सके।

*************************************************************
*********